12th

वार्षिक प्रतिवेदन

2011-2012

ANNUAL REPORT

उद्यमशीलता को प्रोत्साहन। संपार्श्विक प्रतिभूति रहित ऋण को समर्थन

Encouraging Entrepreneurship. Enabling Collateral Free Credit.

CGTMSE

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट

(भारत सरकार एवं सिडबी द्वारा स्थापित)

Credit Guarantee Fund Trust for Micro and Small Enterprises

(Set up by Govt. of India & SIDBI)

अनुमोदनों की संख्या (संचयी)
NUMBER OF APPROVALS (CUMULATIVE)



अनुमोदनों की राशियां (संचयी)
AMOUNT OF APPROVALS (CUMULATIVE)



विषय-सूची

CONTENTS

प्रेषण पत्र	01	Letter of Transmittal
अध्यक्ष का संदेश	02	Message from the Chairman
मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश	03	Message from the CEO
न्यासी मंडल यथा 13 सितम्बर, 2012	04	Board of Trustees as on 13 Sep., 2012
भारतीय अर्थव्यवस्था	05	Indian Economy
31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष में सी.जी.टी.एम.एस.ई. के कामकाज की रिपोर्ट	06	Report on the working of the CGTMSE for the year ended March 31, 2012
लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	07	Auditor's Report
तुलन–पत्र और लेखा–विवरण	08	Balance Sheet & Statement of Accounts

अपने लक्ष्य के प्रति अदम्य विश्वास से
प्रेरित दृढ़ निश्चयी व्यक्तियों का
छोटा समूह इतिहास की दिशा बदल सकता है।

महात्मा गांधी

प्रेषण-पत्र

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट
एमएसएमई विकास केंद्र, 7वाँ तल,
सी-11/जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला काम्प्लेक्स,
बान्द्रा (पूर्व), **मुम्बई - 400 051**

अक्टूबर 5, 2012

प्रति

अपर सचिव और विकास आयुक्त (एमएसएमई)
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय,
भारत सरकार
विकास आयुक्त (एमएसएमई) कार्यालय
निर्माण भवन, 7वीं मंजिल, "ए" विंग
मौलाना आजाद रोड, **नई दिल्ली - 110108**

अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
प्रधान कार्यालय, सिडबी टॉवर, 15 अशोक मार्ग
लखनऊ - 226001

महोदय,

भारत सरकार और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, अर्थात संस्थापकों, के द्वारा निष्पादित ट्रस्ट की घोषणा के खंड 14.2 के अनुसार, मैं निम्नलिखित दस्तावेज अग्रेषित कर रहा हूं :

(i) 31 मार्च 2012 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ट्रस्ट के लेखापरीक्षित खातों और लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट की प्रतिलिपि, और

(ii) 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के कार्यचालन रिपोर्ट की प्रतिलिपि।

भवदीय,

ह./–
(यू. आर. टाटा)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी

मुम्बई

अध्यक्ष का संदेश

"पिछले 12 वर्षों से, सीजीटीएमएसई ने भारत में ऋण गारंटी योजना के माध्यम से एमएसई क्षेत्र को कुशलतम सेवाएं प्रदान की हैं, जिसके अंतर्गत पात्र एमएसई को गारंटी कवर प्रदान करते हुए सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा संपार्श्विक एवम तीसरे पक्ष की गारंटी से मुक्त ऋण सुविधाएं मंजूर की गई हैं। सीजीटीएमएसई ने 31 मार्च, 2012 तक लगभग 8 लाख एमएसई को ₹ 37,000 करोड़ से अधिक की ऋण राशि को गारंटी प्रदान की है। भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सीजीटीएमएसई पूरी तरह से मुस्तैद है।"

हमारे देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की भूमिका बहुत पहले से प्रमाणित रही है। वस्तुतः एमएसएमई क्षेत्र, उद्यमिता की नर्सरी के समान है, जिसमें प्रायः व्यक्ति की सृजनशीलता और नवोन्मेषी दृष्टिकोण कार्य करता है। इसलिए, समानता और समावेशन के साथ राष्ट्रीय विकास के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए एमएसएमई का होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्र के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई क्षेत्र का योगदान लगभग 9 प्रतिशत है, विनिर्माण उत्पाद (मैन्युफैक्चर्ड आउटपुट) में इसका हिस्सा 45 प्रतिशत और निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है। एमएसएमई क्षेत्र, 26 मिलियन से अधिक उद्यमों में 60 मिलियन से अधिक व्यक्तियों को रोजगार मुहैया कराता है जिसमें पूंजी अनुपात की तुलना में श्रम का अनुपात कम होता है। पिछले पांच वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र में समग्र रूप से जो वृद्धि हुई है वह बड़े उद्योगों में हुई वृद्धि की तुलना में कहीं अधिक थी।

हालांकि, भारत में एमएसएमई क्षेत्र अभिनव परिवर्तन के आधार रहे हैं और विविध एवं विषम समूह होने के बावजूद उन्हें भी कुछ सामान्य स्वरूप की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जैसे - संस्थाओं से ऋण की उपलब्धता, संपार्श्विक (कोलेटरल) अपेक्षाएं, इक्विटी पूंजी आदि। इस पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी निधि (सीजीटीएमएसई) की स्थापना की गई जिसका उद्देश्य है संपार्श्विक गारंटी उपलब्ध कराना और तीसरे पक्ष की गारंटी से मुक्त ऋण सुविधा प्रदान करना ताकि भारत में एमएसई क्षेत्र की ओर ऋण का प्रवाह अधिक हो सके।

पिछले 12 वर्षों से, सीजीटीएमएसई ने भारत में ऋण गारंटी योजना के माध्यम से एमएसई क्षेत्र को कुशलतम सेवाएं प्रदान की हैं, जिसके अंतर्गत पात्र एमएसई को गारंटी कवर प्रदान करते हुए सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा संपार्श्विक एवम तीसरे पक्ष की गारंटी से मुक्त ऋण सुविधाएं मंजूर की गई हैं। सीजीटीएमएसई ने 31 मार्च, 2012 तक लगभग 8 लाख एमएसई को ₹ 37,000 करोड़ रुपए से अधिक की ऋण राशि को गारंटी प्रदान की है। भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सीजीटीएमएसई पूरी तरह से मुस्तैद है।

यह प्रसन्नता का विषय है कि सीजीटीएमएसई ने एमएसई क्षेत्र की ओर ऋण के प्रवाह पर जिस प्रकार से सकारात्मक प्रभाव डाला है उसे सरकार ने पहचाना और देश में ऋण गारंटी का जो स्वरूप है उसमें, माननीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में बजट-वक्तव्य के दौरान आवास, शैक्षिक ऋण एवम कौशल विकास के लिए ऋण गारंटी निधि की स्थापना की घोषणा के साथ और अधिक विस्तार होना निश्चित है।

मैं इस अवसर पर, भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), समस्त ऋणदात्री सदस्य संस्थाओं, एमएसई उद्यमियों और अन्य राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी एजेंसियों का उनके समर्थन एवं सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। मुझे विश्वास है कि समस्त हितधारकों (स्टेकहोल्डरों) के सक्रिय समर्थन से सीजीटीएमएसई कार्यनिष्पादन के ऊंचे पैमाने को हासिल करते हुए निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। मैं सीजीटीएमएसई की टीम को उनके कठिन परिश्रम और समर्पण के लिए बधाई देता हूं।

सादर

मुम्बई
सितम्बर 13, 2012

ह./–
(एस. मुहनोत)

मुख्य कार्यपालक अधिकारी का संदेश

"पिछले कुछ वर्षों में सीजीएस के अंतर्गत गारंटी कवरेज में काफी तेज़ी आई है और वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान सीजीएस के अंतर्गत किए गए परिचालनों में लगातार बढोतरी हुई है और वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 2,43,981 गारंटियों पर ₹ 13,783.98 करोड़ अनुमोदित किए गए। समग्र रूप से, 31 मार्च, 2012 को कुल 7,92,229 खातों में ₹ 37,139.31 करोड़ की गारंटी को अनुमोदन प्रदान किया गया और गारंटी कवर की सुविधा लेने वाली ऋणदात्री सदस्य संस्थाओं की संख्या बढ़कर 128 हो गई है। एमएसई को प्रदान की जाने वाली संपार्श्विक-मुक्त ऋण सुविधा को प्रोत्साहित करने में ऋण गारंटी योजना काफी हद तक सफल रही है।"

सूक्ष्म और लघु उद्यमों को प्रदान किए जाने वाले बैंक ऋण के प्रवाह में तेज़ी लाने के लिए, विशेष रूप से पहली पीढ़ी के उद्यमियों को उनकी एमएसई यूनिट स्थापित करने के लिए संपार्श्विक जमानत तथा/अथवा तीसरे पक्ष की गारंटी जैसी रुकावट के बिना ऋण प्रदान करने के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत सरकार और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा अगस्त, 2000 में सूक्ष्म और लघु उद्यमों हेतु ऋण गारंटी फंड ट्रस्ट की स्थापना की गई। सीजीटीएमएसई, "ऋण गारंटी योजना"(सीजीएस) का संचालन करता है जो सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को प्रदान की जाने वाली 100 लाख रुपए तक की ऋण सुविधा को गारंटी प्रदान करता है जिसके लिए संपार्श्विक ज़मानत तथा / अथवा तीसरे पक्ष की गारंटी नहीं होती है।

पिछले कुछ वर्षों में सीजीएस के अंतर्गत गारंटी कवरेज में काफी तेज़ी आई है और वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान सीजीएस के अंतर्गत किए गए परिचालनों में लगातार बढोतरी हुई है और वित्तीय वर्ष के दौरान कुल 2,43,981 गारंटियों पर 13,783.98 करोड़ रुपए अनुमोदित किए गए। समग्र रूप से, 31 मार्च, 2012 को कुल 7,92,229 खातों में 37,139.31 करोड़ रुपए की गारंटी को अनुमोदन प्रदान किया गया और गारंटी कवर की सुविधा लेने वाली ऋणदात्री सदस्य संस्थाओं की संख्या बढ़कर 128 हो गई है। एमएसई को प्रदान की जाने वाली संपार्श्विक-मुक्त ऋण सुविधा को प्रोत्साहित करने में ऋण गारंटी योजना काफी हद तक सफल रही है।

सीजीटीएमएसई का यह सौभाग्य रहा है कि उसे 31 अक्तूबर से 04 नवंबर, 2011 तक गोवा, भारत में 24वीं एशियाई ऋण संपूरण संस्था संगठन (एसीएसआइसी) सम्मेलन की मेज़बानी का अवसर प्राप्त हुआ। सम्मेलन का मुख्य विषय "ऋण गारंटी संस्थाओं की दीर्घकालीन वहन क्षमता सुनिश्चित करने में उभरती चुनौतियां" था। पूरे एशिया में 11 देशों की 16 ऋण गारंटी संस्थाएं इस संगठन की सदस्य हैं। पहली बार ऐसा हुआ है कि सीजीटीएमएसई और भारत सरकार ने मिलकर एसीएसआइसी सम्मेलन की मेज़बानी की थी। एसीएसआइसी के 24वें सम्मेलन की मेज़बानी दरअसल ऋण गारंटी संस्थाओं में विश्व स्तरीय सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने की दृष्टि से की गई पहल थी और यह आयोजन सीजीटीएमएसई के लिए एक प्रतिष्ठा का विषय था।

भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक, सिडबी, ऋणदात्री सदस्य संस्थाएं एवं अन्य हितधारकों (स्टेकहोल्डर्स) के सक्रिय समर्थन से सीजीटीएमएसई पूरे देश में एमएसई क्षेत्र को संपार्श्विक-मुक्त ऋण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और वित्तीय समावेशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कटिबद्ध होकर कार्य करता रहेगा।

सादर

मुम्बई
सितम्बर 13, 2012

ह/–
(यू. आर. टाटा)

सीजीटीएमएसई के न्यासी मंडल के सदस्य (सितम्बर 13, 2012 की स्थिति के अनुसार)

श्री एस मुहनोत - अध्यक्ष (पदेन)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक
मुख्य कार्यालय : "सिडबी टॉवर",
15, अशोक मार्ग, लखनऊ-226 001

श्री अमरेंद्र सिन्हा, आइएएस - उपाध्यक्ष (पदेन)
अपर सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई)
सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार
ए विंग, 7वाँ तल, निर्माण भवन,
मौलाना आज़ाद रोड, नई दिल्ली-110108

श्री आलोक कुमार मिश्रा - सदस्य (पदेन)
अध्यक्ष, भारतीय बैंक संघ एवं अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
बैंक ऑफ इंडिया
स्टार हाउस, सी 5, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स,
बान्द्रा (पूर्व), मुम्बई-400051

श्री यू आर टाटा, मुख्य - सदस्य सचिव (पदेन)
मुख्य कार्यपालक अधिकारी
सूक्ष्म और लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट
7वाँ तल, एमएसएमई विकास केंद्र, सी-11, जी ब्लॉक,
बान्द्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बान्द्र (पूर्व), मुम्बई-400 051

आर्थिक और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम - कार्यनिष्पादन और परिदृश्य

विश्वव्यापी अर्थव्यवस्था ने सन 2008 के संकट से उबरते हुए सन 2011 में 3.9% की संवृद्धि दर्ज की जबकि सन 2009 में 0.6% की नकारात्मक स्थिति थी। सन 2011 की दूसरी छमाही के दौरान अमरीका तथा अन्य विकसित अर्थव्यवस्थाओ के क्रियाकलापों में सुधार हुआ जिससे तीव्र विश्वव्यापी मंदी के खतरे में कमी हुई। हालांकि, अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा निधि द्वारा अप्रैल 2012 में प्रकाशित वर्ल्ड इकोनोमिक आउटलुक के अनुसार यूरोप में निरन्तर आर्थिक शिथिलता की वजह से विश्वव्यापी संवृद्धि में सन 2011 के दौरान लगभग 3.9% और सन 2012 में लगभग 3.5% की गिरावट का अनुमान लगाया गया है।

अनुमान है कि विगत दो वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष 8.4% की दर से बढ़ोतरी के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान 6.5% की बढ़ोतरी हो पाएगी। यद्यपि वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान कृषि और उद्योग क्षेत्रों में क्रमशः 2.8% और 3.4% गिरावट रही, तथापि, सेवा क्षेत्र ने संवृद्धि की दर को 8.9% बनाए रखा।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र (एमएसएमई) भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, क्योंकि यह 6,000 से भी ज्यादा उत्पादों का विनिर्माण करने वाली 26 मिलियन यूनिटों के माध्यम से लगभग 60 मिलियन लोगों के लिए रोजगार का सृजन करता है, और इस प्रकार प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विनिर्माण उत्पाद में लगभग 45% और निर्यात में लगभग 40% का योगदान करता है। नवीनतम उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार एमएसएमई क्षेत्र के उत्पादन ने वित्तीय वर्ष 2010-11 में 11.5% की उच्चतर संवृद्धि दर दर्शायी जबकि औद्योगिक क्षेत्र में यह दर 10.4% रही और समग्र आर्थिक संवृद्धि 7.4% रही (तालिका 1.1)।



तालिका : 1.1 : एमएसएमई का कार्यनिष्पादन

वर्ष	कुल एमएसएमई (संख्या लाख में)	स्थायी निवेश (₹ करोड़)	उत्पादन (₹ करोड़) (वर्तमान कीमत)	रोजगार (लाख व्यक्ति)
2007-08	272.79 (4.51)	5,58,190 (11.47)	7,90,759 (11.47)	626.34 (5.34)
2008-09	285.16 (4.53)	6,21,753 (11.39)	8,80,805 (11.39)	659.35 (5.35)
2009-10	298.08 (4.53)	6,93,835 (11.59)	9,82,919 (11.59)	695.38 (5.47)
2010-11	311.52 (4.51)	7,73,487 (11.48)	10,95,758 (11.48)	732.17 (5.29)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े विगत वर्ष की तुलना में प्रतिशत संवृद्धि दर्शाते हैं।
स्रोत : वार्षिक रिपोर्ट वित्तीय वर्ष 2011-12, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र मंत्रालय, भारत सरकार

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ओर से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र को ऋण प्रवाह

भारतीय रिज़र्व बैंक के अनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यम (एमएसई) क्षेत्र को दिए गए बकाया क्रेडिट में वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान 14.1% की बढ़ोतरी हो गई अर्थात मार्च 2011 के ₹ 4,550 बिलियन से मार्च 2012 के अंत में ₹ 5,190 बिलियन (तालिका 1.2)।

बैंक क्रेडिट के परिनियोजन के बारे में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी क्षेत्रकीय आंकड़ों से ज्ञात होता है कि एमएसएमई के तहत विनिर्माण इकाइयों को बकाया क्रेडिट में वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान 13% की बढ़ोतरी रही (वित्तीय वर्ष 2010-11 में 11%)। इसी दौरान एमएसएमई क्षेत्र की सेवा यूनिटों में 15% की न्यून संवृद्धि दर्ज हुई (वित्तीय वर्ष 2010-11 में 35.2%)।

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा सकल बैंक क्रेडिट का परिनियोजन



नीतिगत परिवेश

केन्द्रीय बजट 2011-12

- आधारभूत परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए वर्ष 2012-13 में टैक्स-मुक्त बॉन्डों से ₹ 60,000 करोड़ प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया। इसमें सिडबी के लिए निर्धारित ₹ 5,000 करोड़ भी शामिल हैं।
- एमएसएमई क्षेत्र को इक्विटी की उपलब्धता को बढ़ाने के लिए सिडबी के साथ ₹ 5,000 करोड़ का इंडिया अपॉर्चुनिटी वेन्चर फंड स्थापित किया जाएगा।
- एमएसई के बाजार अभिगम का संवर्द्धन करने के उद्देश्य से सरकार ने एक नीति का अनुमोदन किया है, जिसमें यह अपेक्षा है कि मंत्रालय और केन्द्रीय सरकारी क्षेत्र उद्यम अपनी वार्षिक खरीद का न्यूनतम 20% भाग एमएसई से करें। इनमें से 4% अधिक्रय का निर्धारण उन एमएसई से किया जाएगा जिनका स्वामित्व अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के उद्यमियों के पास है।
- लघु एवं मध्यम उद्यमियों के मामले में खातों के अनिवार्य टैक्स ऑडिट करने के साथ-साथ अनुमानिक कराधान के लिए टर्नओवर की सीमा को 60 लाख रुपये से बढ़ाकर एक करोड़ रुपये किया जाएगा।
- एसएमई के लिए निधियों को बढ़ाने के प्रयोजन से आवासीय संपत्ति के

तालिका : 1.2 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा सकल बैंक ऋण का परिनियोजन (बिलियन ₹)

क्षेत्र	निम्नलिखित तारीखों का बकाया			विचलन (वर्ष–दर–वर्ष)	
	मार्च 26, 2010	मार्च 25, 2011	मार्च 23, 2012	2010-11 %	2011-12 %
खाद्येतर ऋण	30400.1	36673.5	42897.4	20.6	17.0
प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	10921.8	12393.9	13991.0	13.5	12.9
सूक्ष्म एवं लघु उद्यम	3735.3	4550.0	5189.7	21.8	14.1
जिनमें से					
विनिर्माण	2064.0	2291.0	2591.9	11.0	13.1
सेवा	1671.3	2258.9	2597.8	35.2	15.0
प्राथमिकता क्षेत्र को % के तौर पर एमएसई	34.2	36.7	37.1	उ.न	उ.न
खाद्येतर क्रेडिट के रुप में एमएसई का %	12.3	12.4	12.1	उ.न	उ.न

उ.न. : उपलब्ध नहीं; स्रोत : बैंकिंग ऋण का क्षेत्रवार परिनियोजन पर भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़े

विक्रय पर पूंजीगत लाभ पर कर से छूट प्रदान की जाएगी, यदि विक्रय से प्राप्तियों को विनिर्माता एसएमई कम्पनी के लिए नए संयत्र और मशीनरी की खरीद के लिए इक्विटी के तौर पर प्रयुक्त करता है।

- विनिर्माण क्षेत्र में दक्षता प्राप्त जनशक्ति की कमी को देखते हुए और रोजगार सृजन के लिए निर्दिष्ट दिशानिर्देशों के अनुसार विनिर्माण क्षेत्र में दक्षता का विकास करने के लिए हुए व्यय को 150% की दर से अधिभारित छूट प्रदान की जाएगी।
- स्थानीय जरूरतों के मुताबिक अधिक लोचशीलता प्रदान करने और बेहतर आउटरीच के लिए यह निर्णय किया गया कि 2012-13 में राज्य सरकारों के सहयोग से 'खाद्य प्रसंस्करण पर राष्ट्रीय मिशन' के नाम से केन्द्र प्रायोजित नई स्कीम शुरू की जाएगी।
- दक्षता विकास के लिए संस्थागत क्रेडिट का प्रवाह बढ़ाने के प्रयोजन से क्रेडिट गारंटी फंड स्थापित किया जाएगा। इससे युवाओं को बाजार-उन्मुख दक्षता हासिल करने में लाभ होगा।

विदेश व्यापार नीति 2009-14 के लिए वार्षिक अनुपूरक नीति 2012-13 के मुख्य अंश

- दो प्रतिशत ब्याज परिदान स्कीम जो केवल हथकरघा, हस्तशिल्प, कालीन और एसएमई के लिए उपलब्ध थी अब यह श्रम-प्रधान क्षेत्रों यथा खिलौने, खेल का सामान, प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों, सिले-सिलाए कपड़ों, आदि को भी दी जाएगी और यह 31 मार्च 2013 तक उपलब्ध रहेगी।
- निर्यात क्षेत्र के सतत तकनीकी विकास के लिए जीरो शुल्क निर्यात संवर्द्धन पूंजीगत माल स्कीम को 31 मार्च 2013 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।
- जीरो ड्यूटी ईपीसीजी स्कीम के दायरे को बढ़ा दिया गया है और अब यह उन यूनिटों के लिए भी उपलब्ध होगी जो प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि स्कीम (टीयूएफएस) का लाभ उठा रहे हैं। अतिरिक्त जीरो ड्यूटी ईपीसीजी प्राधिकृतिकरण को उसी आवेदक द्वारा अन्य कारोबारी लाइन के लिए भी लिया जा सकेगा। इसके अलावा यदि कारोबार की लाइन वही है और टीयूएफएस के लाभ पहले ही लिए जा चुके हैं तो भी जीरो ड्यूटी ईपीसीजी स्कीम का लाभ लिया जा सकेगा, बशर्ते पहले ली जा चुकी टीयूएफएस लाभों को अनुमेय ब्याज के साथ समर्पित/लौटा दिया जाए।
- जीरो ड्यूटी ईपीसीजी स्कीम के लाभ ऐसे आवेदकों को उपलब्ध नहीं थे, जो 31 मार्च 2012 तक स्टेटस होल्डर इन्सेन्टिव स्क्रिप (एसएचआईएस) का लाभ ले चुके हों। यह निर्णय किया गया कि यदि पहले ही लिए जा चुके एसएचआईएस के लाभों को अनुमेय ब्याज के साथ बाद में संबंधित क्षेत्रीय प्राधिकारी (आरए) को समर्पित कर दिया जाता है तो जीरो ड्यूटी ईपीसीजी स्कीम के लाभ प्रदान किए जाएंगे।
- **नई पोस्ट-एक्सपोर्ट ईपीसीजी स्कीम की शुरुआत :** यदि निर्यातक चाहें तो शुल्क का नकद भुगतान करके पूंजीगत माल का आयात कर सकते हैं और बाद में निर्यात दायित्व को पूरा करने के ड्यूटी क्रेडिट स्क्रिप प्राप्त कर सकते हैं। इस प्रकार, पूंजीगत माल के आयात के समय कोई ड्यूटी रेमिसन/शुल्क से छूट नहीं करनी होगी। यह देखते हुए कि पूंजीगत माल के आयात के समय पहले ही से शुल्कों का भुगतान कर दिया गया है तो निर्यात दायित्व भी सामान्य निर्यात दायित्व का 85% ही रहेंगे। निर्यात निष्पादन के आधार पर बाद में निर्धारित निर्यात दायित्व के समानुपात में आरए द्वारा ड्यूटी क्रेडिट स्लिप जारी की जाएगी। इससे निगरानी और रिपोर्टिंग की जरूरत नहीं रह जाएगी, क्योंकि यह स्कीम स्वतः ही निगरानी करेगी। घटी हुई लेनदेन लागत और तुलनात्मक रूप से घटे हुए निर्यात दायित्व मिलकर इस स्कीम को आकर्षक बनाएंगे।
- वर्तमान में ईपीसीजी स्कीम के तहत, कुछ क्षेत्रों यथा - हस्तशिल्प, हथकरघा, कुटीर क्षेत्र, अतिलघु क्षेत्र; कृषि, जल-जन्तुपालन (मछली पालन सहित), बागवानी, मत्स्य-पालन, द्राक्षा-कृषि, कुक्कुट पालन और रेशम-कीट पालन पर निर्यात का औसत स्तर बरकरार रखने की शर्त लागू नहीं होती है। इस सूची में तीन नए क्षेत्र और जोड़ दिए गए हैं यथा - कालीन, नारियल रेशे और जूट। इससे इन श्रम-प्रधान उद्योगों को काफी राहत मिलेगी, क्योंकि इनके लिए औसत निर्यात दायित्व को बनाए रख पाना कठिन हो रहा था।
- देश के पूर्वोत्तर प्रान्त में विनिर्माण क्रियाकलापों और रोजगार बढ़ाने के लिए ईपीसीजी स्कीम के तहत निर्यात दायित्वों को सामान्य निर्यात दायित्वों का 25 प्रतिशत रखा गया है। यह अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैन्ड, त्रिपुरा और सिक्किम राज्यों के लिए अनुमेय होगा।
- अभिनिर्धारित 16 हरित प्रौद्योगिकी उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, ईपीसीजी स्कीम के तहत इन उत्पादों के विनिर्माण के लिए निर्यात दायित्व को घटाकर सामान्य निर्यात दायित्वों का 75 प्रतिशत रखा गया है।
- पूंजीगत माल का आयात करने के लिए अवस्थिति धारकों को अवस्थिति धारक प्रोत्साहन स्क्रिप जारी किए जाते हैं, ताकि वे चमड़ा, वस्त्र और जूट, हस्तशिल्प, इंजीनियरिंग, प्लास्टिक और मूलभूत रसायनों जैसे कुछ विशिष्ट श्रम-प्रधान क्षेत्रों में प्रोद्योगिकी के उन्नयन के लिए निवेश को बढ़ावा दे सकें। अब यह निर्णय किया गया है कि इन स्क्रिपों के मूल्य के 10 प्रतिशत को पहले आयात किए गए पूंजीगत माल के कल-पुर्जों के आयात में प्रयुक्त करने की अनुमति दी जाएगी।

- हस्तशिल्प वस्तुओं के निर्यात और ऊनी दरी, मोटी चटाइयों, गब्बे, नमदे और शैगी सहित अन्य हस्तनिर्मित ऊनी कालीनों जैसी फर्श पर बिछाई जाने वाली चीजों को 'डिलीवरी अगेन्स्ट एक्सेप्टेन्स' शर्त के आधार पर अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि इन्हें बैंक गारंटी या ईसीजीसी गारंटी में कवर नहीं किया जाता है। इससे छोटे निर्यातकों के कारोबारी और वित्तीय हितों की महत्वपूर्ण रूप से रक्षा हो सकेगी।
- अब से निर्यातकों को विभिन्न सौदों के लिए सिंगल रिवोल्विंग बैंक गारंटी देने की अनुमति होगी।
- वर्तमान में हस्तशिल्प वस्तुओं, सूत-निर्मित सामग्री, और पॉलिएस्टर-निर्मित समाग्री के निर्यात के बदले में स्थापना वस्तुओं के ड्यूटी रहित आयात की अनुमति है। अब यह सुविधा सिन्थेटिक-निर्मित सामग्री के निर्यात के बदले में भी दी जाएगी।

आर्थिक परिदृश्य

आशा है कि 2012 के 3.5 प्रतिशत की संवृद्धि के मुकाबले 2013 में 4.1 प्रतिशत की संवृद्धि दर्ज करने के लिए विश्वव्यापी अर्थव्यवस्था सकारात्मक परिदृश्य प्रस्तुत करेगी। इस संवृद्धि में अगुआ रहने वाले देश होंगे यूएसए, चीन, जापान और मध्य एशिया तथा उत्तरी अफ्रीका (एमईएनए) के देश। इसी प्रकार भारत भी विकास के पथ पर रहते हुए वित्तीय वर्ष 2012-13 के दौरान अपेक्षित उच्चतर संवृद्धि की गति बनाए रखेगा।

एमएसएमई क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र और समग्र अर्थव्यवस्था की तुलना में उच्चतर संवृद्धि दर्ज करता रहा है, और आवश्यक नीतिगत समर्थन से यह संवृद्धि की दिशा और गति को बरकरार रखेगा।

सीजीटीएमएसई की रिपोर्ट

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के कार्यचालन की रिपोर्ट 31 मार्च 2012 को समाप्त वर्ष के लिए

परिचय

1. सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट की समूह निधि

1.1 इस ट्रस्ट की समूह निधि का अंशदान भारत सरकार और भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) द्वारा 4:1 के अनुपात में किया जाता है। इस ट्रस्ट की प्रतिबद्ध समूह निधि 2,500 करोड़ रुपये है, जिसका अंशदान भारत सरकार (₹ 2,000 करोड़) और सिडबी (₹ 500 करोड़) द्वारा किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान ट्रस्ट को इस समूह निधि के लिए ₹ 2.23 करोड़ प्राप्त हुए जिसमें से भारत सरकार का योगदान ₹ 1 करोड़ रहा, जबकि सिडबी ने ₹ 1.23 करोड़ प्रदान किए, जिससे समूह निधि की सकल धनराशि में दोनों का अलग-अलग योगदान क्रमशः ₹ 1726.25 करोड़ और ₹ 432.54 करोड़ हो गया। ट्रस्ट की कुल समूह निधि 31 मार्च 2012 को ₹ 2158.79 करोड़ थी, जो कि निर्धारित समूह निधि का 86.35% है। इस समूह निधि में वर्ष-वार योगदान का विवरण निम्नलिखित तालिका में दिया गया है :

समूह निधि में अंशदान (₹ करोड़)

वित्तीय वर्ष	भारत सरकार	सिडबी	कुल
2001	100.00	25.00	125.00
2002	100.00	25.00	125.00
2003	141.62	35.40	177.02
2004	192.00	51.84	243.84
2005	211.63	49.07	260.70
2006	200.00	50.00	250.00
2007	124.00	33.00	157.00
2008	198.00	47.50	245.50
2009	122.10	34.00	156.10
2010	135.91	30.50	166.41
2011	200.00	50.00	250.00
2012	1.00	1.23	2.23
कुल	**1726.25**	**432.54**	**2158.79**

सीजीटीएमएसई समूह निधि



1.2 भारत सरकार और सिडबी से अभी ₹ 341.21 करोड़ का अंशदान मिलना बाकी है। गारंटी अनुमोदनों में तेज बढ़ोतरी के कारण यह अनुभव किया गया कि आगामी समय में इस फंड को समुचित रूप से बढ़ाना होगा। इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई पहले ही आरंभ की जा चुकी है।

2. सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान ट्रस्ट में चार नई सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं का पंजीकरण हुआ, इससे 31 मार्च 2012 की स्थिति के अनुसार पात्र ऋणदात्री संस्थाओं की संख्या बढ़कर 128 हो गई **(अनुबंध-I)**. वर्तमान में सरकारी क्षेत्र के 26 बैंक, निजी क्षेत्र के 18 बैंक, 4 विदेशी बैंक, 71 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, 9 अन्य वित्तीय संस्थाएं इस ट्रस्ट से गारंटी कवर प्राप्त करने की पात्र हैं। शामिल की गई 4 नई संस्थाओं के नाम हैं – जम्मू-कश्मीर ग्रामीण बैंक, महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक, बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक और वनांचल ग्रामीण बैंक। इसके अलावा वर्ष के दौरान कुछ सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं का समापन भी हुआ क्योंकि इनका विलय दूसरे बैंकों/ सदस्य ऋणदाता संस्थाओं

सदस्य ऋणदाता संस्थाएं



में हो गया। दि बैंक ऑफ राजस्थान लिमिटेड का विलय आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड और स्टेट बैंक ऑफ इन्दौर का विलय भारतीय स्टेट बैंक में हो गया।

3 ऋण गारंटी योजना के तहत परिचालन

3.1 मार्च 31, 2012 को ऐसी 109 सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं थीं जो गारंटी कवर ले रही थीं, जबकि **विगत वित्तीय वर्ष के दौरान ऐसी 106 सदस्य ऋणदाता संस्थाएं थीं। निम्नलिखित तालिका में इस ट्रस्ट की** स्थापना से लेकर 31 मार्च 2012 तक दिए गए गारंटी अनुमोदनों का वर्ष-वार विवरण दिया गया है:

3.2 वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान 3.94% की मामूली गिरावट को छोड़कर, संख्या की दृष्टि से ऋण गारंटी योजना के परिचालन में बढ़ोतरी जारी रही । केवल वित्तीय वर्ष 2000-01 में गारंटी कवर लेने वाली केवल 9 सक्रिय सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं थीं जो कि 31 मार्च 2012 को बढ़कर 109 सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं हो गयी। वित्तीय वर्ष 2011-2012 के दौरान कुल ₹ 13,783.98 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन कुल 2,43,981 गारंटियों के लिए किया गया। संचयी रूप से 31 मार्च 2012 को कुल 7,92,229 खातों के लिए ₹ 37,139.31 करोड़ की गारंटी की स्वीकृति दी जा चुकी है।

वित्तीय वर्ष	सक्रिय एमएलआई की संख्या	अनुमोदित ऋण सुविधाओं की संख्या	अनुमोदित गारंटियों की रकम (₹ करोड़)	अनुमोदित संचयी गारंटियां (₹ करोड़)	औसत आकार (₹ लाख)
2000-01	9	951	6.06	6.06	0.63
2001-02	16	2296	29.52	35.58	1.28
2002-03	22	4955	58.67	94.25	1.18
2003-04	29	6603	117.60	211.85	1.78
2004-05	32	8451	267.46	538.62	3.16
2005-06	36	16284	461.91	1000.53	2.83
2006-07	40	27457	704.53	1705.06	2.56
2007-08	47	30285	1055.84	2701.59	3.48
2008-09	57	53708	2199.40	4824.34	4.09
2009-10	85	151387	6875.11	11559.61	4.54
2010-11	106	254000	12589.22	23846.01	4.95
2011-12	109	243981	13783.98	37139.31	5.65
31.03.2012 को संचयी आधार पर		**792229**		**37139.31**	**4.69**

*** अन्तर्वर्ती निरस्तीकरणों/संशोधनों के कारण वास्तविक आंकड़ों में अंतर हो सकते हैं।**

अनुमोदनों की संख्या (संचयी)



अनुमोदनों की राशियां (संचयी)



सदस्य ऋणदात्री संस्था-वार कवरेज

3.3 वित्तीय वर्ष 2012 के लिए सदस्य ऋणदात्री संस्था-वार गारंटी कवरेज और 31 मार्च 2012 तक का संचयी कवरेज **अनुबंध-II** में दिया गया है। कवर किए गए प्रस्तावों की संख्या की दृष्टि से ऋण गारंटी योजना के तहत शीर्षस्थ पांच सदस्य ऋणदात्री संस्थाए इस प्रकार रहीं - भारतीय स्टेट बैंक (48,593 प्रस्ताव ₹ 2,492.40 करोड़ हेतु), बैंक ऑफ इंडिया (25,516 प्रस्ताव ₹ 1,827.09 करोड़ हेतु), इंडियन ओवरसीज बैंक (20,728 प्रस्ताव ₹ 1,170.08 करोड़ हेतु), पंजाब नेशनल बैंक (16,751 प्रस्ताव ₹ 1,233.95 करोड़ हेतु) और केनरा बैंक (11,779 प्रस्ताव ₹ 589.43 करोड़ हेतु)।





3.4 संचयी रूप में 31 मार्च 2012 को भारतीय स्टेट बैंक को ₹ 6,355.71 करोड़ के 1,53,923 प्रस्तावों के लिए कवरेज दी गई, जो कि सर्वोच्च है, इसके बाद बैंक ऑफ इंडिया (₹ 5,540.66 करोड़ के लिए 89,944 प्रस्ताव), पंजाब नेशनल बैंक (₹ 3,816.79 करोड़ के लिए 85,660 प्रस्ताव), केनरा बैंक (₹ 2,016.74 करोड़ के लिए 60,683 प्रस्ताव) और इंडियन ओवरसीज बैंक (₹ 2,186.72 करोड़ के लिए 51,170 प्रस्ताव)।

राज्य-वार कवरेज

3.5 वित्तीय वर्ष 2012 के लिए राज्य-वार गारंटी कवरेज और 31 मार्च 2012 तक का संचयी कवरेज **अनुबंध-III** में दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान राज्यों में से उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक संख्या में आवेदन जमा किए (₹ 1,466.06 करोड़ हेतु 30,556 प्रस्ताव), इसके बाद कर्नाटक (₹ 1,212.24 करोड़ हेतु 24,624 प्रस्ताव), केरल (₹ 563.64 करोड़ हेतु 22,832 प्रस्ताव), पश्चिम बंगाल (₹ 871.17 करोड़ हेतु 17,291 प्रस्ताव) और तमिलनाडु (₹ 1,002.02 करोड़ हेतु 14,865 प्रस्ताव) का स्थान रहा।

3.6 क्रेडिट गारंटी स्कीम के तहत 31 मार्च 2012 तक के राज्य-वार संचयी कवरेज से ज्ञात होता है कि अनुमोदित प्रस्तावों में उत्तर प्रदेश के लिए सर्वाधिक 1,10,817 प्रस्तावों का अनुमोदन करके ₹ 3,982.81 करोड़ दिए गए, इसके बाद केरल (₹ 1,741.90 करोड़ हेतु 75,830 प्रस्ताव), पश्चिम बंगाल (₹ 2,834.07 करोड़ हेतु 72,106 प्रस्ताव), तमिलनाडु (₹ 2,898.49हेतु 65,177 प्रस्ताव) और कर्नाटक (₹ 3,136.72 करोड़ हेतु 63,403 प्रस्ताव) का स्थान रहा।





उद्योग-वार कवरेज

3.7 गारंटीकृत (संचयी एवं वित्तीय वर्ष 2012) मामलों का क्षेत्रवार विश्लेषण **अनुबंध-IV** में दिया गया है।

स्लैब-वार कवरेज

3.8 ऋण गारंटी योजना के तहत स्लैब-वार (संचयी एवं वित्तीय वर्ष 2012) कवरेज के आंकड़े **अनुबंध-V** में दिए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान अनुमोदित अधिकांश प्रस्ताव छोटे ऋणों के संबंध में

थे। इस दौरान 1,87,053 प्रस्तावों के लिए ₹ 3,536.89 करोड़ के अनुमोदन किए गए जो कि रु.5 लाख तक के ऋणों के संबंध में थे और जो वित्तीय वर्ष 2012 के लिए अनुमोदित कुल गारंटियों का 76.66% बनता है। वित्तीय वर्ष 2012 में अनुमोदित 2,43,981 प्रस्तावों की ₹ 13,783.98 करोड़ राशि में से 58,574 प्रस्ताव (24.00%) ऐसे थे जो एक लाख रुपये तक के ऋण के लिए थे; इनमें 66,148 प्रस्ताव (27.11%) ऐसे थे जिनका ऋण घटक ₹ 1,00,001 से ₹ 2 लाख के दायरे में था; 62,331 प्रस्ताव (25.54%) ₹ 2,00,001 से ₹ 5 लाख के दायरे में थे; 25,471 प्रस्ताव (10.43%) ₹ 5,00,001 से ₹ 10 लाख के दायरे में थे; 22,653 प्रस्ताव (9.28%) ₹ 10,00,001 से ₹ 25 लाख के दायरे में थे; 5,938 प्रस्ताव(2.43%) ₹ 25,00,001 से ₹ 50 लाख के दायरे में थे; और 2,866 प्रस्ताव (1.17%) ₹ 50 लाख से ₹ 100 लाख तक के वर्ग में थे।

शामिल किए ऋणों का औसत आकार

3.9 योजना की शुरुआत से लेकर अब तक कवर किए गए ऋणों के औसत आकार को देखने से बढ़ोतरी की प्रवृत्ति का पता चलता है। वित्तीय वर्ष 2001 में यह ₹ 0.63 लाख था जो कि वित्तीय वर्ष 2011 में बढ़कर ₹ 4.96 लाख हो गया और वित्तीय वर्ष 2012 में यह ₹ 5.65 लाख रुपये हो गया जिसका समग्र औसत ₹ 4.69 लाख होता है।

दावों का निपटान

3.10 वित्तीय वर्ष 2011-12 अर्थात अप्रैल 01, 2011 से मार्च 31, 2012 के दौरान ₹ 231.59 करोड़ की राशि के लिए 5033 आवेदन गारंटी के इनवोकेशन के लिए और चूककर्ता कर्जदारों के प्रति किए गए दावों के निपटान के लिए प्राप्त हुए, जिनके लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट द्वारा गारंटी जारी की गई थी और गारंटी मान्य थी। दायर किए गए आवेदनों में से 1894 इकाइयों के संबंध में किए गए दावे प्रथम किस्त के लिए पहले ही निपटाए जा चुके हैं जिनकी राशि ₹ 66.99 करोड़ बनती है, ₹ 4.43 करोड़ के लिए 201 इकाइयों के दावों को अस्वीकार किया जा चुका है और 37 इकाइयों के संबंध में ₹ 1.30 करोड़ के दावों को वापस लिया जा चुका है।

4 विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त अग्रिम फंड

विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय ने हस्तशिल्प क्षेत्र में सदस्य ऋणदाता संस्थाओं द्वारा दस्तकारों को दिए गए ऋणों के लिए वार्षिक सेवा शुल्क और गारंटी शुल्क को पूरा करने के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट में ₹ 2.80 करोड़ की फंड रखी है। विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) ने इसी प्रयोजन के लिए आगामी तीन वर्ष के लिए प्रतिवर्ष ₹ 3 करोड़ देने का वचन भी दिया है। मार्च 31, 2012 की स्थिति के अनुसार सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट ने दिए गए ₹ 2.80 करोड़ में से ₹ 1.74 करोड़ रुपये का उपयोग किया।

5. विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त अग्रिम फंड

विकास आयुक्त (हथकरघा) कार्यालय ने हथकरघा क्षेत्र में सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा दस्तकारों को दिए गए ऋणों के लिए वार्षिक सेवा शुल्क और गारंटी शुल्क को पूरा करने के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट में वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए ₹ 82.50 लाख की फंड रखी है। इस ₹ 82.50 लाख की रकम में 23 दिसम्बर 2011 को वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त ₹ 26.25 लाख की रकम भी शामिल है जो वाराणसी और मुर्शिदाबाद के हथकरघा बुनकरों के विशाल समूहों के लिए गारंटी कवर के लिए है। ट्रस्ट ने विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) की तरह से विकास आयुक्त (हथकरघा) के साथ भी व्यवस्था की है, इससे ऐसे ऋणों को दी जाने वाली कवरेज में बढ़ोतरी में सुविधा होगी। अब ट्रस्ट ने वर्तमान सॉफ्टवेयर में संशोधन किया है, ताकि इस व्यवस्था को संचालित किया जा सके।

6. व्यवसाय विकास प्रयास

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट ने प्रिन्ट और प्रेस मीडिया, कार्यशालाओं/संगोष्ठियों के आयोजन, विभिन्न जिला/राज्य/ राष्ट्रीय मंचों पर आयोजित कार्यक्रमों में प्रतिभागिता आदि बहुमार्गी तरीकों से बैंकों, एमएसई उद्योग संघों, एमएसई क्षेत्र, आदि के बीच ऋण गारंटी योजना के बारे में जागरुकता पैदा की है। वर्ष के दौरान सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट ने सम्पूर्ण देश में सदस्य ऋणदाता संस्थाओं के संगठनों द्वारा आयोजित विभिन्न संगोष्ठियों/कार्यशालाओं, एमएसई क्षेत्र के बारे में भारतीय रिज़र्व बैंक/सरकार द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों और बैठकों में हिस्सा लिया ताकि ऋण गारंटी योजना के बारे में जागरुकता पैदा की जा सके। जम्मू और कश्मीर, पूर्वोत्तरी क्षेत्र जैसे अल्प-सेवित इलाकों और महिला उद्यमियों में जागरुकता पैदा करने और कवरेज बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के कार्याधिकारियों ने अपनी सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं के साथ व्यवसाय विकास बैठकों का भी आयोजन किया। इस योजना की दर्शनीयता को बढ़ाने और जागरुकता पैदा करने के लिए समूचे देश में सारे वर्ष प्रिन्ट मीडिया में लगातार अभियान चलाए गए। विभिन्न हित-धारकों के बीच जानकारी का प्रसार करने वाले अभियान जोर-शोर के साथ चलाए गए।

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट ने 585 संगोष्ठियों/ कार्यशालाओं/ बैंकर्स सभाओं/ व्यवसाय विकास बैठकों में हिस्सा लिया और बैंकों के कार्याधिकारियों/ लघु उद्यमियों को ऋण गारंटी योजना के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी देने के लिए प्रस्तुतियां दीं। इन कार्यशालाओं का आयोजन सामान्यतया सदस्य बैंकों/ सिडबी/ सूक्ष्म एवं

लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट/ उद्योग संघों आदि द्वारा किया गया।

7. ऋण गारंटी योजना परिचालनों का समग्र प्रभाव

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के परिचालनों का ऋणा गारंटित एमएसई के टर्नओवर, निर्यात और रोजगार की दृष्टि से अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा, जैसा कि निम्नलिखित तालिका में दिया गया है:

	31/03/2012 को	31/03/2011 को
अनुमोदित संचित गारंटी	7,92,229	5,51,740
ऋण की रकम (एमएलआई द्वारा प्रदत्त ₹ करोड)	37,139.31	23,846.01
गारंटीशुदा यूनिटों का अनुमानित टर्नओवर (₹ करोड)	255314.49	148314.37
गारंटीशुदा यूनिटों द्वारा अनुमानित निर्यात (₹ करोड)	4219.98	3149.43
अनुमानित रोजगार सृजन (संख्या लाख में)	39.95	32.13
सदस्य ऋणदाता संस्थानों की संख्या	128	126

विशेष : अन्तर्वर्ती निरस्तीकरणों/संशोधनों के कारण वास्तविक आंकड़ों में अंतर हो सकते हैं। टर्नओवर, निर्यात और रोजगार सृजन के बारे में दिए गए आंकड़े सदस्य ऋणदाता संस्थाओं द्वारा रिपोर्ट किए अनुसार हैं।

8. एशियन क्रेडिट सप्लीमेन्टेशन इंस्टीट्यूट कॉनफेडरेशन (एसीएसआईसी) 24 वां सम्मेलन

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट ने गोवा, भारत में 31 अक्तूबर से 4 नवम्बर 2011 के दौरान 24वें एसीएसआईसी सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन का उद्घाटन 1 नवम्बर 2011 को होटल ताज एक्जोटिका, गोवा, भारत में श्री अमरेन्द्र सिन्हा, आईएएस, अतिरिक्त सचिव और विकास आयुक्त (एमएसएमई) द्वारा किया गया। इसके अलावा श्री एस. मुहनोत, सीएमडी; श्री एन. के. मैनी, डीएमडी, सिडबी; 11 देशों के 14 गारंटी संगठनों के 83 कार्याधिकारियों ने सम्मलेन में हिस्सा लिया और ऋण गारंटी योजना की दीर्घकलीन निरन्तरता सुनिश्चित करने के लिए सामने आने वाली चुनौतियों पर विचार-विनिमय किया।

9. लेखापरीक्षक

9.1 वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट फर्म मैसर्स रे एन्ड रे, मुम्बई को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट का आंतरिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया गया है। लेखापरीक्षकों ने सम्पूर्ण कम्प्यूटर सिस्टमों की समेकित समीक्षा करने के साथ-साथ राजस्व व्यय, निवेश और राजस्व आय को शामिल करते हुए वित्तीय लेखापरीक्षा की है।

9.2 भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की संस्तुति के अनुसार इस ट्रस्ट के बोर्ड ने चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट फर्म मैसर्स डी. सी. बोथरा एन्ड कम्पनी, मुम्बई को वित्तीय वर्ष 2011-12 के लिए सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट का सांविधिक लेखापरीक्षक नियुक्त किया है।

10. सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट को कर से छूट

तत्कालीन माननीय वित्त मंत्री द्वारा 28 फरवरी 2002 को प्रस्तुत और संसद द्वारा पारित वित्त विधेयक के प्रावधानों के अनुसार, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10 की उपधारा 23 ई/बी के तहत सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट की आय को वित्तीय वर्ष 2001-02 (कर निर्धारण वर्ष 2002-03) से पांच साल के लिए आयकर के भुगतान से छूट प्रदान की गई। आयकर से यह छूट वित्तीय वर्ष 2005-06 में समाप्त हो गई और इसे आगे की अवधि के लिए बढ़ाया नहीं गया है। चूंकि आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 2(15) के तहत की गई अभिव्यक्ति 'धर्मार्थ प्रयोजन' के आशय से इस ट्रस्ट के उद्देश्यों को 'जनसामान्य की उपयोगिता का उद्देश्य' माना जा सकता है, अतः कराधान वर्ष 2007-08 और 2008-09 के लिए धारा 11 के तहत (धर्मार्थ ट्रस्टों के लिए) छूट और कुल आय के आकलन को शून्य रुपये मानने के ट्रस्ट के दावे को कराधान प्राधिकरण ने स्वीकार कर लिया है। इसके परिणामस्वरूप ट्रस्ट ने (कराधान वर्ष 2007-08 और 2008-09 के लिए) भुगतान किए गए ₹ 113.45 करोड़ की वापसी के लिए आयकर विभाग में दावा किया है, जिसमें से अब तक 100.78 करोड़ रुपये प्राप्त हो चुके हैं और शेष राशि अभी प्रतीक्षित है। इस मामले में प्रयत्न लगातार जारी है।

वित्त अधिनियम, 2008 ने कराधान वर्ष 2009-10 से 'जनता की उपयोगिता के किसी अन्य उद्देश्य को प्रवर्तित करना' इस वाक्यांश के दायरे को सीमित करने के लिए अधिनियम की धारा 2(15) को संशोधित/ प्रतिस्थापित कर दिया है। उक्त संशोधन के अनुसार यदि किसी ट्रस्ट के क्रियाकलाप में ऐसे

क्रियाकलापों का होना निहित है जो किसी शुल्क या अधिभार या किसी प्रकार का अन्य लाभ लेते हुए व्यापार, वाणिज्य या कारोबार की प्रकृति का है तो इसे अधिनियम की धारा 2(15) के तहत 'धर्मार्थ प्रयोजन' की परिभाषा के दायरे में नहीं लिया जाएगा। अधिनियम की धारा 2(15) में उक्त संशोधन को देखते हुए 7 दिसम्बर 2011 को आयकर निदेशक (छूट) ने अधिनियम की धारा 12एए(3) के तहत आदेश जारी करके इस ट्रस्ट के पंजीकरण को निरस्त कर दिया/वापस ले लिया है। सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट ने आयकर निदेशक (छूट) के आदेश के खिलाफ आयकर अपीलीय अधिकरण, मुम्बई के समक्ष अपील दायर की है। वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान ट्रस्ट ने ₹ 124.50 करोड़ का अग्रिम कर जमा किया है।

11. लेखा-बहियां

वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान ट्रस्ट को ₹ 571.93 करोड़ की आय हुई, जिसमें मुख्यतया गारंटी शुल्क (₹ 165.17 करोड़), वार्षिक सेवा शुल्क (₹ 97.34 करोड़), निवेशों पर अर्जित ब्याज (₹ 309.42 करोड़) का समावेश है। ट्रस्ट ने विभिन्न परिचालनागत और प्रशासनिक व्ययों के रूप में ₹ 5.20 करोड़ खर्च किए, जिसमें मुख्य रूप से स्टाफ का वेतन और भत्ते (₹ 1.28 करोड़), विज्ञापन और प्रचार पर व्यय (₹ 0.68 करोड़), कार्यालय परिसर का किराया (₹ 0.76 करोड़), वेब-होस्टिंग, आईटी सेवाओं और कम्प्यूटर तथा साफ्टवेयर व्यय के लिए अन्य संबंधित प्रभारों (₹ 0.39 करोड़) और अन्य कार्यालय खर्चों का समावेश है। करों के भुगतान के पश्चात व्यय की तुलना में आय का अधिक्य ₹ 415.07 करोड़ रहा जिसमें प्रावधान अभी किए जाने बाकी हैं। वित्तीय वर्ष 2009 से ही ट्रस्ट की देयता के बीमांकीय मूल्यांकन के आधार पर वार्षिक प्रावधान किए जा रहे हैं। दावों हेतु प्रावधान का मूल्यांकन जारी की गई गारंटियों और प्राप्त दावों के बीच अपवर्ती समीकरण का प्रयोग करते हुए बीमांकक द्वारा किया जाता है। इससे पहले सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के ट्रस्टी बोर्ड द्वारा अनुमोदित नीति के आधार पर प्रावधान किया जाता था। वित्तीय वर्ष 2011-12 हेतु प्रावधान का विवरण निम्नानुसार है:

विवरण	धनराशि (₹ करोड़)
01 अप्रैल 2011 को आरंभिक शेष	399.20
घटाएं : साल के दौरान भुगतान किए गए दावे	66.99
जोड़ें : साल के दौरान किए गए प्रावधान	282.00
31 मार्च 2012 को अंतिम शेष	614.21

मार्च 31, 2012 को अनुमानित संचयी प्रावधान रु 614.21 करोड़ रखा गया है।

12. समूह निधि, निवेश और जारी गारंटियां

वर्ष के दौरान इस ट्रस्ट को संस्थापकों से समूह निधि में अंशदान के रूप में ₹ 2.23 करोड़ प्राप्त हुए। इस रकम और समूह निधि के लिए पहले ही से प्राप्त अंशदान और ट्रस्ट द्वारा अब तक अर्जित निवल आय को बैंकों/संस्थानों की मियादी जमा में निवेश किया गया। समूह निधि का आकार 31 मार्च 2012 को ₹ 2158.79 करोड़ था। कुल निवेश 31 मार्च 2012 को ₹ 3269.8 रहा जबकि विगत वर्ष के अंत में यह ₹ 3123.26 करोड़ था। मार्च 31, 2012 के अंत में ट्रस्ट द्वारा जारी गारंटी कवर ₹ 12114.16 रहे, इस प्रकार यथा मार्च 31, 2012 को जारी की गई कुल गारंटियों की संचयी राशि ₹ 33501.33 करोड़ रही।

13. प्रबन्धन एवं संगठन

13.1 वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान ट्रस्टी बोर्ड में सिडबी के अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक को पदेन अध्यक्ष; अपर सचिव एवं विकास आयुक्त (एमएसएमई), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार को पदेन उपाध्यक्ष; भारतीय बैंक संघ (आईबीए) के अध्यक्ष को पदेन सदस्य तथा सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को सदस्य सचिव के रूप में शामिल किया गया। वित्तीय वर्ष 2011-12 के दौरान ट्रस्टी बोर्ड की चार बैठकों का अयोजन हुआ। मार्च 31, 2012, की स्थिति के अनुसार मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहित आठ अधिकारी सिडबी से प्रतिनियुक्ति पर सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट में थे।

13.2 सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट का ट्रस्टी मंडल सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार; विकास आयुक्त (एमएसएमई) कार्यालय, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार; विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय, वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार; सिडबी, भारतीय रिज़र्व बैंक, आईबीए, सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट की सदस्य ऋणदाता संस्थाओं, विश्व बैंक, विभिन्न राष्ट्रीय और राज्य-स्तरीय संस्थाओं और एमएसई उद्योग संगठनों से मिले समर्थन और सहयोग के लिए सराहना करता है।

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट

कृते और न्यासी मण्डल की ओर से

स्थान : मुम्बई
दिनांक : 13 सितम्बर 2012

ह./-
(एस. मुहनोत)

अनुबंध- I

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई) की सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं 31 मार्च 2012 की स्थिति

सदस्य ऋणदाता संस्थानों की कुल संख्या - 128

(क) अनुसूचित वाणिज्य बैंक

(i) सरकारी क्षेत्र के बैंक (20)

1. इलाहाबाद बैंक
2. आन्ध्रा बैंक
3. बैंक ऑफ बड़ौदा
4. बैंक ऑफ इंडिया
5. बैंक ऑफ महाराष्ट्र
6. केनरा बैंक
7. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
8. कार्पोरेशन बैंक
9. देना बैंक
10. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
11. इंडियन बैंक
12. इंडियन ओवरसीज बैंक
13. ओरिएन्टल बैंक ऑफ कामर्स
14. पंजाब एंड सिंध बैंक
15. पंजाब नेशनल बैंक
16. सिंडिकेट बैंक
17. यूको बैंक
18. यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
19. यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
20. विजया बैंक

(ii) स्टेट बैंक और उसके सहयोगी बैंक (6)

1. भारतीय स्टेट बैंक
2. स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर
3. स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद
4. स्टेट बैंक ऑफ मैसूर
5. स्टेट बैंक ऑफ पटियाला
6. स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर

(iii) निजी क्षेत्र के बैंक (18)

1. ऐक्सिस बैंक लिमिटेड
2. सिटी यूनियन बैंक
3. डेवलपमेन्ट क्रेडिट बैंक लिमिटेड
4. एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
5. आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड
6. इंडसइंड बैंक लिमिटेड
7. आईएनजी वैश्य बैंक लिमिटेड
8. कर्नाटक बैंक लिमिटेड
9. कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड
10. लक्ष्मी विलास बैंक
11. तमिलनाडु मर्केन्टाइल बैंक लिमिटेड
12. दि धनलक्ष्मी बैंक लिमिटेड
13. दि फेडरल बैंक लिमिटेड
14. दि जम्मू एंड कश्मीर बैंक लिमिटेड
15. दि करूर वैश्य बैंक लिमिटेड
16. दि नैनीताल बैंक लिमिटेड
17. दि साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड
18. यस बैंक लिमिटेड

(iv) विदेशी बैंक (4)

1. बार्कलेज बैंक पीएलसी
2. बैंक ऑफ बहरीन एन्ड कुवैत
3. दायचे बैंक
4. स्टैन्डर्ड चार्टर्ड बैंक

(ख) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (71)

1 इलाहाबाद यूपी ग्रामीण बैंक
2 आन्ध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक
3 आन्ध्र प्रगति ग्रामीण बैंक
4 आर्यावर्त ग्रामीण बैंक
5 असम ग्रामीण विकास बैंक
6 बैतरणी ग्राम्य बैंक
7 बलिया इटावा ग्रामीण बैंक
8 बंगिया ग्रामीण विकास बैंक
9 बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक
10 बड़ौदा राजस्थान ग्रामीण बैंक
11 बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक
12 बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
13 कावेरी कल्पतरु ग्रामीण बैंक
14 चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक
15 छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक
16 चिकमगलूर कोडागु ग्रामीण बैंक
17 डक्कन ग्रामीण बैंक
18 देना गुजरात ग्रामीण बैंक
19 दुर्ग राजनंदगांव ग्रामीण बैंक
20 गुड़गांव ग्रामीण बैंक
21 हाड़ौती क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
22 हरियाणा ग्रामीण बैंक
23 हिमाचल ग्रामीण बैंक
24 जयपुर थार ग्रामीण बैंक
25 झारखंड ग्रामीण बैंक
26 जम्मू एंड कश्मीर ग्रामीण बैंक
27 कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक
28 काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक
29 कृष्णा ग्रामीण बैंक
30 लांगपी देहांगी रूरल बैंक
31 मध्य भारत ग्रामीण बैंक
32 मध्य बिहार ग्रामीण बैंक
33 महाराष्ट्र गोदावरी ग्रामीण बैंक
34 महाराष्ट्र ग्रामीण बैंक
35 मालवा ग्रामीण बैंक
36 एमजीबी ग्रामीण बैंक
37 मिजोरम रूरल बैंक
38 नैनीताल - अल्मोड़ा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
39 नर्मदा मालवा ग्रामीण बैंक
40 नीलांचल ग्राम्य बैंक
41 नार्थ मालाबार ग्रामीण बैंक
42 पल्लवन ग्रामीण बैंक
43 पांड्यन ग्राम बैंक
44 पर्वतीय ग्रामीण बैंक
45 प्रगति ग्रामीण बैंक
46 प्रथमा बैंक
47 पंजाब ग्रामीण बैंक
48 पूर्वांचल ग्रामीण बैंक
49 राजस्थान ग्रामीण बैंक
50 रीवा सिद्धि ग्रामीण बैंक
51 ऋषिकुल्य ग्राम्य बैंक
52 समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
53 सप्तगिरि ग्रामीण बैंक
54 सर्व यूपी ग्रामीण बैंक
55 सतपुड़ा नर्मदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
56 सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक
57 शारदा ग्रामीण बैंक
58 श्रेयस ग्रामीण बैंक
59 साउथ मलाबार ग्रामीण बैंक
60 सरगुजा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
61 सतलुज ग्रामीण बैंक
62 त्रिपुरा ग्रामीण बैंक
63 त्रिवेणी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
64 उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक
65 उत्तरांचल ग्रामीण बैंक
66 उत्तरबंगा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
67 वनांचल ग्रामीण बैंक
68 विदर्भ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
69 विदिशा भोपाल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
70 विश्वेश्वरैया ग्रामीण बैंक
71 वैनगंगा कृष्णा ग्रामीण बैंक

(ग) ऋणदात्री संस्थाएं (9)

1 आन्ध्र प्रदेश राज्य वित्त निगम

2 दिल्ली वित्त निगम

3 जम्मू एंड कश्मीर विकास वित्त निगम लिमिटेड

4 केरल वित्त निगम

5 राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड

6 पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लिमिटेड

7 भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

8 दि तमिलनाडु औद्योगिक निवेश निगम लिमिटेड

9 भारतीय निर्यात आयात बैंक

टिप्पणी :

1 दि बैंक ऑफ राजस्थान लिमिटेड - इसका विलय आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड में हो चुका है, अतः इसे सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की सूची में से निकाल दिया गया है।

2 स्टेट बैंक ऑफ इन्दौर - इसका विलय भारतीय स्टेट बैंक में हो चुका है इसलिए इसे सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं से निकाल दिया गया है।

3 स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र - इसका विलय भारतीय स्टेट बैंक में हो चुका है इसलिए इसे सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं की सूची से निकाल दिया गया है।

अनुबंध - II

सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसई)

वित्तीय वर्ष 2012 के दौरान सदस्य ऋणदात्री संस्था-वार अनुमोदित गारंटियां तथा यथा 31 मार्च 2012 तक का संचयी

क्र॰ सं॰	सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं	वित्तीय वर्ष 2012		संचयी	
		प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)	प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)
1	इलाहाबाद बैंक	9485	46156.45	35501	134888.10
2	इलाहाबाद यूपी ग्रामीण बैंक	620	1543.32	1391	3566.78
3	आन्ध्रा बैंक	1251	5404.95	4212	18947.28
4	आन्ध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक	265	184.80	743	594.84
5	आन्ध्र प्रदेश राज्य वित्त निगम	2	66.30	5	153.70
6	आन्ध्र प्रगति ग्रामीण बैंक	801	625.04	1024	879.50
7	आर्यावर्त ग्रामीण बैंक	762	3150.35	1656	6919.70
8	असम ग्रामीण विकास बैंक	2145	5712.99	3922	10326.74
9	एक्सिस बैंक लिमिटेड	224	9944.32	833	31477.20
10	बैतरणी ग्राम्य बैंक	611	2176.99	1899	6739.08
11	बलिया इटावा ग्रामीण बैंक	283	69.11	283	69.11
12	बंगिया ग्रामीण विकास बैंक	893	3533.63	1051	3846.31
13	बैंक ऑफ बड़ौदा	8884	80980.54	24147	193120.53
14	बैंक ऑफ इंडिया	25516	182709.43	89944	554066.85
15	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	1852	15696.50	7318	46394.92
16	बड़ौदा गुजरात ग्रामीण बैंक	32	191.81	55	321.57
17	बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक	916	3166.91	1190	4372.92
18	बिहार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	38	127.77	38	127.77
19	केनरा बैंक	11779	58943.97	60683	201674.91
20	कावेरी कल्पतरु ग्रामीण बैंक	11	66.34	21	173.98
21	सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया	8151	57148.53	21687	135483.75
22	चैतन्य गोदावरी ग्रामीण बैंक	0	0.00	28	49.28
23	छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक	726	369.77	1042	522.38
24	चिकमगलूर कोडागु ग्रामीण बैंक	2	6.50	31	51.80
25	सिटी यूनियन बैंक	124	1714.52	144	2011.49
26	कार्पोरेशन बैंक	3593	28431.10	8257	56710.39

क्र॰ सं॰	सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं	वित्तीय वर्ष 2012		संचयी	
		प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)	प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)
27	डेक्कन ग्रामीण बैंक	34	125.62	57	208.60
28	दिल्ली वित्त निगम	94	247.03	594	1319.90
29	देना बैंक	2363	13857.81	6875	36763.20
30	देना गुजरात ग्रामीण बैंक	25	63.33	29	80.65
31	ड्यूश बैंक	212	6303.00	229	6686.50
32	दुर्ग राजनंदगांव ग्रामीण बैंक	159	360.99	1336	1834.86
33	गुड़गांव ग्रामीण बैंक	193	354.23	226	446.26
34	हड़ोती क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	3	2.00	6	5.00
35	हरियाणा ग्रामीण बैंक	91	202.28	254	561.67
36	एचडीएफसी बैंक लिमिटेड	229	7352.15	995	26456.78
37	हिमाचल ग्रामीण बैंक	211	1947.64	466	4079.55
38	आईसीआईसीआइ बैंक	35	267.79	692	853.19
39	आईडीबीआई बैंक लिमिटेड	148	3664.21	1580	42146.67
40	इंडियन बैंक	2211	8860.00	8616	28459.49
41	इंडियन ओवरसीज बैंक	20728	117008.06	51170	218672.90
42	इंडसइंड बैंक	0	0.00	4	60.88
43	आईएनजी वैश्य बैंक लिमिटेड	16	638.00	88	2347.08
44	जयपुर थार ग्रामीण बैंक	227	56.04	1012	261.47
45	झारखंड ग्रामीण बैंक	93	488.79	126	704.72
46	कर्नाटक बैंक लिमिटेड	4525	21521.09	6471	30979.78
47	कर्नाटक विकास ग्रामीण बैंक	3283	7017.58	8630	17652.87
48	काशी गोमती संयुत ग्रामीण बैंक	309	808.35	550	1442.01
49	केरल वित्त निगम	9	232.85	22	532.60
50	कोटक महिन्द्रा बैंक	14	735.00	15	765.00
51	कृष्णा ग्रामीण बैंक	26	34.98	68	71.45
52	लांगपी देहांगी रूरल बैंक	151	392.60	278	661.08
53	मध्य बिहार ग्रामीण बैंक	282	772.51	296	785.41
54	एमजीबी ग्रामीण बैंक	18	29.94	68	110.75

क्र॰ सं॰	सदस्य ऋणदात्री संस्थाएं	वित्तीय वर्ष 2012		संचयी	
		प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)	प्रस्ताव	अनुमोदित राशि (₹ लाख)
55	मिजोरम रूरल बैंक	127	433.99	214	749.89
56	नैनीताल - अल्मोड़ा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	2	9.50	7	60.60
57	नर्मदा मालवा ग्रामीण बैंक	42	135.25	53	166.02
58	राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड	1	4.91	176	1458.57
59	नीलांचल ग्राम्य बैंक	1530	5023.69	1698	6067.95
60	पूर्वोत्तर विकास वित्त निगम लिमिटेड	5	217.25	11	230.70
61	नार्थ मालाबार ग्रामीण बैंक	104	239.15	219	456.58
62	ओरिएन्टल बैंक ऑफ कामर्स	3459	39679.31	11187	109131.41
63	पांड्यन ग्राम बैंक	343	426.91	556	648.19
64	पर्वतीय ग्रामीण बैंक	142	815.10	244	1322.14
65	प्रगति ग्रामीण बैंक	6	18.07	10	22.38
66	प्रथमा बैंक	535	1810.49	2747	8477.04
67	पंजाब एंड सिंध बैंक	832	4183.70	3018	12403.79
68	पंजाब नेशनल बैंक	16751	123395.03	85660	381679.10
69	पूर्वांचल ग्रामीण बैंक	4241	7055.99	12214	18929.28
70	राजस्थान ग्रामीण बैंक	55	236.40	98	406.75
71	ऋषिकुल्य ग्राम्य बैंक	0	0.00	9	41.86
72	समस्तीपुर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	61	231.33	61	231.33
73	सर्व यूपी ग्रामीण बैंक	860	860.75	2228	2073.08
74	सतपुड़ा नर्मदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	13	11.82	13	11.82
75	सौराष्ट्र ग्रामीण बैंक	82	506.99	111	676.33
76	शारदा ग्रामीण बैंक	24	70.84	24	70.84
77	श्रेयस ग्रामीण बैंक	12	29.96	71	116.30
78	भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक	758	21771.79	5006	101184.94
79	साउथ मलाबार ग्रामीण बैंक	4742	7515.55	10477	15130.19
80	स्टैन्डर्ड चार्टर्ड बैंक	182	4146.53	585	12835.01
81	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	1575	4821.62	12344	21109.22
